NATIONAL POSHAHAR ABHIYAN BY COMMUNITY COLLEGE

The Community College of Shree Guru Gobind Singh Govt. College Paonta Sahib celebrated World Food Day on 16.10.2017. World Food Day is an international day celebrated every year worldwide on 16 October to commemorate the date of the founding of the United Nations Food and Agriculture Organization in 1945. The theme for the year 2017 was "Change the future of migration. Invest in food security and rural development". On this occasion various competition are held like quiz, presentations and poster making. Principal, Dr. K.V. Singh was the chief guest of the day. The students of Advanced Diploma in Food Processing presented a beautiful and informative presentation and Purnima a student spoke about the World Food Day. The efforts of students were highly praised by the Principal. The event ended up with National Anthem.

PRINCIPAL
Dr. PRAMOD PATIAL
Principal
Shree Guru Gobind Singh Ji
Government College
Paonta Sahib
Dist. Sirmour (H.P.)-173025

Internal Quality Assurance Cell (IQAC)
Shree Guru Gobind Singh Ji
Government College Paonta Sahib
Dist. Sirmaur (H.P.)-173025

Shree Guru Gobind Singh Ji Government College Paonta Sahib
NAAC ACCREDITED WITH B++ GRADE

पांवटा कम्युनिटी कालेज में मनाया विश्व खाद्य दिवस

कार्यालय संवाददाता, पांवटा साहिब

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पांवटा साहिब के कम्युनिटी कालेज में विश्व खाद्य दिवस मनाया गया। विश्व खाद्य दिवस का मुख्य उद्देश्य दुनिया से भुखमरी को खत्म करना है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन ने इस वर्ष 2017 विश्व.खाद्य दिवस के अवसर पर नारा दिया है। प्रवासियों का भविष्य बदलें, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण विकास में निवेश करें। इस अवसर पर कालेज में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, प्रेजेंटेशन और पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्राचार्य डा. केवी सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम का आरंभ विभाग के नोडल ऑफिसर डा. जाहिद अली मलिक द्वारा प्राचार्य महोदय के स्वागत से हुआ। इस आयोजन में प्रो. राहुल देव, प्रो. कुलदीप जयंत, प्रो. राकेश कुमार, प्रो. किरण बाला संयुक्त रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में एडवांस डिप्लोमा इन फूड प्रोसेसिंग के छात्रों ने खाद्य सुरक्षा के महत्त्व को बताते हुए सुंदर एवं कलात्मक चित्रों का दृश्यांकन किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय ने प्रतिभागी छात्रों का परिणाम घोषित किया, जिसमें पोस्टर मेकिंग में उज्ज्वल, दलजिंद्र एवं जसप्रीत कौर क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। जगमीत कौर ने प्रेजेंटेशन के द्वारा विश्व खाद्य दिवस के बारे में विस्तार से बताया। पूर्णिमा ने खाद्य संरक्षण के बारे में छात्रों को जानकारी दी। प्राचार्य डा. केवी सिंह ने कार्यक्रम की सराहना की।

News Clip 18 Divya Himachal 18.10.2017 p.3